



नवभारत 04
सतना, बुधवार, 12 अगस्त, 2026

# पन्ना में खत्म नहीं हो रहा वीआईपी कल्चर

## नेता समर्थक और अधिकारी नियम विरुद्ध हूटर लगाकर घूम रहे

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, निजी गाड़ियों पर हूटर और बत्ती लगाना प्रतिबंधित है। वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिहाज से यह कदम उठाया गया था, लेकिन पन्ना में मानों अधिकारियों और नगरीय निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा सत्ताधारी दल सहित विपक्षी दलों के अध्यक्ष फर्जी तौर पर नियम विरूद्ध जिन्हे नियम की कोई परवाह ही नहीं है साथ ही जिनके रसूख के सामनें प्रशासन बौना साबित हो रहा है.**

यहां रोज इस नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जहां नेताओं के समर्थकों की गाड़ियों पर हूटर सलामी दे रहे हैं, तो वहीं, कई अफसर भी रुतबा दिखाने के लिए निजी वाहनों पर लाल-नीली बत्तियां लगाकर फरांटे भर रहे हैं। जिले में आपको हूटर प्रेमी बहुत दिख जाएंगे, जो खुलेआम अपने वाहनों में हूटर लगाकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से वीआईपी कल्चर खत्म करने को लेकर कई बार अलग-अलग मंचों से कह चुके हैं, इसके साथ ही इस कल्चर को खत्म करने के लिए कई नियमों में बदलाव भी किया गया, इसके बावजूद नेताओं और अधिकारियों का हूटर के लिए जो हूटर प्यार है, खत्म होने का नाम नहीं लेता है।



**प्रेशर हॉर्न लगाने की अनुमति नहीं फिर भी अधिकांश वाहन में बज रहा कान-फोडू साउंड -** केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के तहत इस तरह का कोई भी प्रेशर हॉर्न किसी वाहन में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, लेकिन पहले वीआईपी लोगों को इसकी इजाजत थी। केन्द्र सरकार के आदेश के बाद वीआईपी लोगों के वाहनों पर भी हूटर लगाना बंद कर दिया गया था। हूटर लगाने की इजाजत सिर्फ आपातकालीन सेवा में इस्तेमाल होने वाले वाहन जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस के वाहन शामिल हैं। इन वाहनों के अलावा अगर और कोई हूटर इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है।

### हूटर लगाकर फर्राटा भर रहे नेतागण

वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ ही सत्तारूढ़ दल हो या विपक्ष के पदाधिकारी बेखौफ होकर हूटर लगाकर अपना जलवा बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अनाधिकृत रूप से हूटर लगाकर शहर और मुख्य मार्गों में दौड़ने वाले वाहनों के विरुद्ध अब तक यातायात पुलिस ने भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### किन्हें है हूटर लगाने की छूट

जिले में केवल कलेक्टर एवं एसपी को अपने वाहन में हूटर लगाने की छूट है। कुछ खास परिस्थितियों में कलेक्टर हूटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कहीं लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति निर्मित हुई हो, या धारा 144 लगी हुई हो। इस कंडीशन में कलेक्टर की गाड़ी में हूटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। बाकी मुख्यमंत्री और राज्यपाल के कारकेड के साथ चलने वाले पायलट वाहनों को छूट मिलती है, अन्यथा किसी को भी हूटर लगाने की अनुमति नहीं है।

# नारियल सप्लाई साइबर ठगी मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

## देवेन्द्रनगर टीआई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गाजियाबाद से पकड़ा



नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के कुशल निर्देशन में पन्ना पुलिस को साइबर ठगी के एक बड़े मामले में बड़ी सफलता हासिल हुई है।**

देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में 25 टन नारियल सप्लाई करने के नाम पर हुई 7.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में देवेन्द्रनगर टीआई संतोष यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने फरार चल रहे दो और मुख्य आरोपियों को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए शातिर अपराधी जस्ट डायल और व्हाट्सएप ग्रुपों से व्यवसायियों का डाटा एकत्र कर उन्हें अपनी ठगी का शिकार बनाते थे। देवेन्द्रनगर निवासी पीड़ित भागवत प्रसाद विश्वकर्मा की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी।

ठगों ने पीड़ित को फर्जी फर्म, नकली दस्तावेज और ट्रक की फर्जी जानकारी देकर उनका विश्वास जीता और फिर विभिन्न बैंक खातों में 7.50 लाख रुपये जमा करवाने के बाद अपने मोबाइल बंद कर लिए थे। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों अमित राजपूत और राम सिंह को गिरफ्तार किया था। अन्य फरार आरोपियों को विजयनगर, गाजियाबाद से शिवम श्रीवास्तव और शिवोम सिंह उर्फ शिवम ठाकुर दोनों निवासी जिला फर्रूखाबाद, उ.प्र. को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# शाहनगर रेंज में 5 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट लमतरा के कक्ष 959 में वन भूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम एवं हटाने के लिए शांतिपूर्ण कार्रवाई की गई। स्थानीय ग्रामीणों को समझाइश उपरांत एवं उनके सहयोग से लगभग 5 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिक्रमण निरोधी खंती का निर्माण कराया गया।**

इस क्षेत्र में 2 वनाधिकार पत्रधारकों को कुल 3.95 हेक्टेयर भूमि पर प्राप्त वनाधिकार को यथावत सुरक्षित रखते हुए लगभग 5 हेक्टेयर अतिरिक्त वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र सहायक शाहनगर आर.पी. पटेल, वनपाल ओमप्रकाश द्विवेदी, बीट गार्ड लमतरा अक्षत त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई

▶ 4 हेक्टेयर वन भूमि कराई गई मुक्त

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, दक्षिण पन्ना वनमंडल के मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट मोतीडोल के कक्ष 1190 में दिनांक 11 अगस्त को वन भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई।**

लगभग 5 हेक्टेयर अतिक्रमित क्षेत्र में ग्राम वन समिति मोतीडोल के सदस्यों के सहयोग से कार्रवाई करते हुए लगभग 4 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र सहायक मोतीडोल भानुप्रताप सिंह, बीट गार्ड मोतीडोल अरविंद विश्वकर्मा, बीट गार्ड बनोली जितेंद्र सिंह, बीट गार्ड फतेहपुर अजय प्रताप सिंह, बीट गार्ड टिकरिया अमित कोरी सहित ग्राम वन समिति के सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

# ग्राम बराहो में खूनी संघर्ष,एक की मौत

नवभारत न्यूज

**पवई 11 अगस्त, पवई थाना अंतर्गत मंगलवार को ग्राम बराहो में बराहो बब्बा के स्थान पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ है,जिसमें एक व्यक्ति की मौत व एक व्यक्ति के घायल होने का मामला सामने आया है।**

एसडीओपी भावना सिंह दांगी के अनुसार पवई अस्पताल से सूचना मिली थी,कि बराहो से एक मृत और एक घायल व्यक्ति आया है। जानकारी अनुसार धार्मिक स्थल बराहो बाबा के पास बयो वृद्ध सौकी चौधरी उम्र 60 वर्ष एवं भरत सिंह पिता देवी सिंह उम्र 34 वर्ष के बीच अज्ञात कारणों के चलते विवाद हो गया जिसमें सौकी चौधरी उर्फ सौकी बाबा की मौत हो गई एवं भरत सिंह गंभीर रूप से घायल है। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया साथ ही थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंचकर घटित हुई घटना की बारीकी से विवेचना कर रहे हैं। कारण अभी अज्ञात है यह घटना क्यों घटित हुई। और घटना का मूल कारण क्या है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् पन्ना नगर इकाई द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रभावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया**

आज 10 बजे स्थानीय छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों कोतवाली चैराहा, गांधी चैक, पंचम सिंह चैराहा, पुरानी कचहरी, अजयगढ़ चैराहा, बड़ा बाजार, श्री बलदाऊ जी मंदिर और छत्रसाल पार्क होते हुए पुनः छत्रसाल कॉलेज पहुँचकर गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री आदर्श मिश्रा, जिला छात्रा प्रमुख मितांशी रैकवार, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य केशव राजा बुंदेला, नगर मंत्री निखिल द्विवेदी, नगर सह मंत्री सारांश मित्तल, नगर सह मंत्री मालती पांडेय तथा उत्कर्ष प्रताप सिंह शामिल रहे।



# खाद वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सुचारी

▶ संभाग में दलहन-तिलहन की बुवाई में वृद्धि,

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने कहा है कि संभाग में शासन की मंशा के अनुरूप इस वर्ष दलहन एवं तिलहन की बुवाई का प्रतिशत बढ़ा है। उड़द का रकबा भी बढ़ा है और संभाग में बुवाई का प्रतिशत 118 हो गया है।**

फसलों की स्थिति अच्छी है और उर्वरक का भंडारण भी पर्याप्त है। कमिश्नर श्री सुचारी आज कमिश्नर कार्यालय में सहकारिता, एमपी एग्रो, बीज निगम, कृषि, वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, मध्यप्रदेश राज्य सरकारी बैंक, मंडी बोर्ड एवं विपणन संघ की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जनता की शिकायतों का निराकरण तेज गति से किया जाए। सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। जुलाई में सोयाबीन, मक्का, दलहन, तिलहन की बुवाई हो चुकी है, लेकिन अभी कुछ स्थानों पर धान रोपाई शेष है। इसे 20 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाए। मांग के अनुरूप खाद की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने किसानों को खरीदी गई मूंग और उड़द का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उड़द प्रोत्साहन योजना एवं प्राकृतिक खेती की भी समीक्षा की। मंडी बोर्ड की समीक्षा में कमिश्नर ने मंडियों में फसलों की आवक, मंडियों की आय और ई-मंडी प्रणाली की जानकारी ली।

# छत्रसाल कॉलेज में रंगोली व वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान 2.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज़्बा देखने को मिला।**

प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा के आदेशानुसार परिसर में तिरंगा रंगोली और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने मुख्य भवन की दीवारों पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों की टीमों ने तिरंगे से प्रेरित कुल 8 कलात्मक वॉल पेंटिंग्स बनाईं। पेंटिंग स्पर्धा में सोनम सिंह, संध्या कुशवाहा, शोभा गोंड और सायमा बानो के ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया। रवि अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार व आकांक्षा चैधरी का ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा, जबकि खुशबू अहिरवार, रेशमा अहिरवार, मोनिका अहिरवार और वंदना अहिरवार के ग्रुप ने तीसरा स्थान पाया। इसी क्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भी छात्रों ने अपनी रचनात्मकता से समां बांध दिया। रंगोली में मोना पटेल ने पहला, भारत कुशवाहा ने दूसरा और हेमलता कुशवाहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नोट-उपरोक्त समाचार के साथ फोटो फाइल नेम 11 अगस्त पन्ना 1 का प्रकाशन करें।

# जनसुनवाई में आए 32 आवेदन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 32 आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया।**



जनसुनवाई में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकृत कीं। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

### मुख्यमंत्री ने अंतरित की सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं गैस रिफिल की अनुदान राशि

**पन्ना, 11 अगस्त,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय, भोपाल से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए जुलाई पेड इन अगस्त माह की पेंशन राशि अंतरित की। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता व गैर पीएमयूवाई श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों को 450 रूपए में गैस रिफिल प्रदान करने के लिए दो माह की अनुदान राशि का भी सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया गया। इससे बड़ी संख्या में जिले के हितग्राही भी लाभांवित हुए हैं।

# बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी जिला प्रशासन के सहयोग से आगामी 2 सितम्बर को बलराम जयंती पर श्री बल्देव जी मंदिर परिसर पन्ना में हरछठ महोत्सव एवं 4 सितम्बर को श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण पन्ना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा।**

कलेक्टर ऊषा परमार ने उक्त दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना, तहसीलदार पन्ना, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पन्ना, जनसंपर्क अधिकारी तथा थाना प्रभारी यातायात को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।



# राजापुर स्थित वेयरहाउस के ओपन कैंप में अधिकारी और श्रमिकों ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़, 11 अगस्त, राजापुर स्थित वेयरहाउस निगम के ओपन कैंप परिसर में अधिकारियों और श्रमिकों द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण किया गया। शासन द्वारा खाद्यान्न भंडारण के लिए उपयोग किए जाने वाले इस विशाल परिसर में अब तक छायादार एवं फलदार वृक्षों की कमी थी।**

इसी को ध्यान में रखते हुए वेयरहाउस प्रबंधक एस. पी. जैन और विजय राजपूत ने श्रमिकों के साथ मिलकर करीब आधे सैकड़ा से अधिक पौधे लगाए। आयोजन के दौरान परिसर में आम, आँवला और अमरूद जैसे फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इसके साथ ही वेयरहाउस के मुख्य द्वार के पास किसानों की सुविधा को देखते हुए गुलमोहर, कदम और पीपल जैसे छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि कैंपस में दिन और रात की पाली में चार-चार कर्मचारी तैनात रहते हैं। इन सभी पौधों की देखरेख, सिंचाई और खाद प्रबंधन की जिम्मेदारी कैंपस कर्मचारियों को सौंपी गई है, जिसकी निगरानी वे स्वयं करेंगे।

# मानक अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं, कागजों में चल रहा पोषण शक्ति का खेल

## नाम बदला लेकिन व्यवस्था नहीं बदली

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 11 अगस्त, केन्द्र सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना का नाम बदल कर पीएम पोषण शक्ति निर्माण कर दिया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन के संबंध में गाईड लाईन भी जारी हो चुकी है।**

किन्तु क्या योजना का क्रियान्वयन दिशा निर्देशा के अनुसार हो रहा है? क्या बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार पका हुआ भोजन मिल रहा है? क्या योजना की नियमित मानीटरिंग हो रही है? क्या वितरित होने वाले भोजन की रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की जा रही है? इस तरह के सवाल इसलिये उठ रहे हैं कि योजना का नाम बदलने के बाद ऐसा नहीं लगता कि योजना के क्रियान्वयन में कोई सुधार हुआ है। जो लोग इस योजना को क्रियान्वित कर रहे हैं ऐसा लगता है कि वे मिलीभगत कर गंभीर अनियमितता कर रहे हैं। पोषण के नाम पर कुपोषण ही परोसा जा रहा है।

**नही हो रहा मानकों का पालन -** पता चल रहा है कि योजना में भोजन की गुणवत्ता एवं मीनू का पालन नहीं हो रहा है। मानकों के अनुसार भोजन में पोषण तत्वों से भरपूर भोजन नहीं दिया जा रहा है। आवंटित फण्ड का दुरूपयोग किया जा रहा है। पारदर्शिता एवं स्थानीय स्तर पर जबाबदेही सुनिश्चित नहीं हो रही है। शासन के निर्देश हैं कि प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन 450 कैलोरी एवं 12 ग्राम प्रोटीन से युक्त भोजन मिलना चाहिये। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर के बच्चों को 700 कैलोरी एवं 20 ग्राम प्रोटीन से युक्त भोजन मिलना चाहिये। किन्तु ऐसा नहीं हो पा रहा है। कई स्कूलों में नियमित रूप से भोजन भी नहीं तैयार किया जाता है। जबकि शासन के निर्देश हैं कि लगातार तीन दिन एवं महीने में पांच दिन तक यदि भोजन प्रदाय नहीं किया जाता तो इसके लिये जिम्मेदारी तय की जायेगी एवं संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। किन्तु यहां इसका न तो कोई डाटा संकलित किया जाता और न ही कोई कार्रवाई ही होती है। यह भी निर्देश हैं कि भोजन बनाने के लिये गेंहू चावल के अतिरिक्त अन्य सामग्री जैसे नमक, दाल, तेल, मिर्च मसाले आदि सामग्री एगमार्ग ब्रांड के गुणवत्तापूर्ण तथा सीलबंद डिब्बों या पैकेज वाले होने चाहिये। खुले मसाले व तेल का प्रयोग न किया जाय। किन्तु यहां इस संबंध में आज तक इस बात की जांच व परीक्षण नहीं हो पाया कि जहां पका हुआ भोजन तैयार किया जाता है वहां सामग्री की खरीदी कहां से और किस तरह से की जाती है। प्रत्येक स्कूल में प्रतिदिन 24 घंटे भोजन का सेम्पल सीलबंद टिफिन में स्कूल प्रबंधन की निगरानी में सुरक्षित रखने के निर्देश हैं। किन्तु इस निर्देश का भी पालन नहीं होता।



नहीं मिलेगा स्कूलों की दीवारों में लिखी हुई आवश्यक जानकारी - निर्देश हैं कि सभी स्कूलों की दीवारों में मध्यान्ह भोजन का मीनू, मोनों, स्व सहायक समूह का नाम, समूह के सदस्यों के नाम, रसोइयों के नाम, डाक्टर के नाम तथा फोन नम्बर, सीएम हेल्पलाइन 181 अनिवार्य रूप से अंकित किये जाने के निर्देश हैं। किन्तु स्कूलों में इस तरह की जानकारी दीवारों में लिखी हुई या तो नहीं मिलेगी अथवा यदि दर्ज की गई होगी वह आधी अधूरी ही दर्ज की जाती है। इससे भी पता चलता है कि मध्यान्ह भोजन योजना का नाम भले ही बदल दिया गया हो किन्तु उसकी व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हो पाया। पीएम पोषण शक्ति केन्द्र योजना की नियमित रूप से रिपोर्टिंग के लिये पोर्टल का भी निर्माण किया गया है जो सही नही चल रहा है। योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो रहा है। योजना के नाम पर औपचारिकता की जा रही है। जहां इस योजना के माध्यम से लाखो का खेल किया जा रहा है।

### ▶ प्रशिक्षण का भी पता नहीं

दिशा निर्देशों में कहा गया था कि रसोइयों एवं समूहों के सदस्यों को पीएम पोषण योजना के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से सभी रसोइयों एवं समूहों के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाना था। कहा गया था में स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से डाइट केन्द्रों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी तरह से अध्यापकों के भी प्रशिक्षण दिया जाना था। किन्तु आज तक पता नहीं चला कि इस योजना के तहत यहां प्रशिक्षण का आयोजन भी हुआ अथवा प्रशिक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर बजट का हजम कर लिया गया।

### ▶ नियमित एवं प्रभावी समीक्षा के निर्देशों का भी पालन नहीं

गाइड लाईन के अनुसार आयुक्त नगर निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, नगर पालिका, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियो को निर्देश थे कि वे लक्षित शालाओं में नियमित, प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण पीएम पोषण के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं व तैयारियों की नियमित व प्रभावी समीक्षा करें। किन्तु आज तक यह जानकारी प्रकाश में नहीं आ पाई कि किसी भी अधिकारी ने अपने अधीन संस्थाओं की मानीटरिंग की हो अथवा किसी अधीनस्थ को इस संबंध में निर्देशित करे योजना के संबंध में जानने का प्रयास किया हो। इसलिये नाम बदलने मात्र से योजना में कोई बदलाव नहीं हो पाया।